**TERM-1_EXAMINATION 2026-27**
HINDI (085) SET - 2

Class: IX | Max. Marks: 80
Date : 04.09.2026 | Time: 3.00 Hour
Admission No: | Roll No:

सामान्य निर्देश:-
1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 15 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप-

| | |
|---|---|
| भाग 'क' : अपठित गद्यांश | 14 अङ्क |
| भाग 'ख' : व्यावहारिक व्याकरण | 16 अङ्क |
| भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 30 अङ्क |
| भाग 'घ' : लेखन | 20 अङ्क |

---

खण्ड – 'क' : अपठित गद्यांश (14 अंक)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

एक ज़माना था, जब मोहल्लेदारी पारिवारिक आत्मीयता से भरी होती थी। सब मिल-जुलकर रहते थे। हारी-बीमारी, खुशी-ग़म सबमें लोग एक-दूसरे के साथ थे। किसी का किसी से कुछ छुपा नहीं था। आज के लोगों को शायद लगे कि लोगों की अपनी प्राइवेसी क्या रही होगी, लेकिन इस प्राइवेसी के नाम पर ही तो हम एक-दूसरे से कटते रहे और कटते-कटते ऐसे अलग हुए कि अकेले पड़ गए। पहले अलग चूल्हे-चौके हुए, फिर अलग मकान लेकर लोग रहने लगे। निजी स्वतंत्रता को अपनी नई परिभाषा देकर यह एकाकीपन हमने स्वयं अपनाया है। मोहल्ले में आपस में चाहे जितनी चखचख हो, यह थोड़े ही संभव था कि बाहर का कोई आकर किसी को कड़वी बात कह जाए! पूरा मोहल्ला टिड्डी दल की तरह उमड़ पड़ता था।

देखते-देखते ज़माना हवा हो गया। मोहल्लेदारी टूटने लगी, आबादी बढ़ी, महँगाई बढ़ी, पर सबसे ज़्यादा जो चीज़ दुर्लभ हो गई, वह थी आपसी लगाव, अपनापन। लोगों की आँखों का शील मर गया। देखते-देखते कैसा रंग बदला है। लोग अपने आप में सिमटकर पैसे के पीछे भागे जा रहे हैं। सारे नाते-रिश्तों को उन्होंने ताक पर रख दिया है। तब फिर पड़ोसी से उन्हें क्या लेना-देना है? यह नीरस महानगरीय सभ्यता महानगरों से चलकर कस्बों और देहातों तक को अपनी चपेट में ले चुकी है। मकानों में रहने वाले एक-दूसरे को नहीं जानते। इन जगहों में आदमी का अस्तित्व समाप्त हो गया है। यदि आपके फ्लैट नंबर मालूम नहीं है, तो उसी बिल्डिंग में जाकर भी वांछित व्यक्ति को नहीं ढूँढ़ पाएँगे। ऐसी जगहों में किसी प्रकार के संबंधों की अपेक्षा ही कहाँ की जा सकती है?

(1) 'प्राइवेसी' से क्या तात्पर्य है? (1 अंक)

(क) निजता (ख) आत्मीयता
(ग) मेलजोल (घ) भाईचारा

(2) मोहल्लेदारी के बारे में क्या सच नहीं है? (1 अंक)

(क) आपस में मिल-जुलकर रहना (ख) सुख-दु:ख में साथ देना
(ग) अपनी बात किसी से गुप्त न रखना (घ) मकान में रहने वाले एक-दूसरे को नहीं जानते

(3) निम्नलिखित कथन(A)तथा कारण(R)को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-

कथन (A): मोहल्लेदारी पारिवारिक आत्मीयता का केंद्र-बिंदु रही है। (1 अंक)

कारण (R): एकाकीपन और मोहल्लेदारी एक-दूसरे के पूरक हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(4) देखते ही देखते कौन-सी चीज़ दुर्लभ हो गई? (2 अंक)

(5) ज़माने के बदलते रंग को लेखक ने किस प्रकार स्पष्ट किया है? (2 अंक)

प्रश्न 2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए -

किसान को अन्नदाता कहा जाता है। स्वयं भूखा रहकर भी वह दूसरों का पेट भरने के लिए अन्न उपजाता है। भले ही कभी उसे फल नसीब न हुए हों, परंतु लोगों के लिए वह एक से बढ़कर एक फल उगाता है। भाग्य की विडंबना ही है कि वह और उसके बच्चे भूखों मरते हैं। हर छोटे-बड़े काम के लिए उसे दूसरों का मुँह देखना पड़ता है। इलाज कराने से लेकर मरने-जीने के सभी कार्य बस उधार के पैसों से होते हैं। खराब मौसम तो मानो किसानों पर कहर बनकर ही टूटा है। खराब मौसम, अतिवृष्टि और ओलावृष्टि उसकी फसलों के साथ-साथ उसके भविष्य को भी डुबो देते हैं। आए दिन किसानों की आत्महत्या करने की सूचनाएँ समाचारों में या अखबारों में मिलती हैं। आखिर वह इतना मजबूर क्यों है? क्या उसकी चिंता करने के लिए समस्त भारतवर्ष में कोई नहीं? कोई उसे दिलासा क्यों नहीं देता? उसके आँसू क्यों नहीं पोंछता? क्यों उसकी निराशा उसे जीवन-लीला का अंत करने की ओर धकेल देती है? क्या समाज ने उसके प्रति अपनी आँखें मूँद रखी हैं अथवा कानून की भाँति उसे भी सबूत चाहिए, जो यह बताएँ कि खराब मौसम और प्राकृतिक आपदा ने उसकी मेहनत और सपनों पर मिट्टी डाल दी है। इसी कारण उसके सामने दो ही विकल्प होते हैं—या तो वह ज़िंदा रहकर तिल-तिल मरे अथवा जीवन की कैद से आज़ाद हो जाए।

(1) किसान के अधिकांश काम किसके पैसों से होते हैं? (1 अंक)

(क) बचत किए गए पैसों से

(ख) उधार के पैसों से

(ग) बैंक में रखे गए पैसों से

(घ) दान के पैसों से

(2) किसानों पर कहर बनकर क्या टूटता है? (1 अंक)

(क) पानी की कमी

(ख) बीजों का अभाव

(ग) खराब मौसम

(घ) धन का अभाव

(3) आए दिन किस तरह की सूचना समाचारों में मिलती है? (1 अंक)

(क) किसानों की आत्महत्या की

(ख) खराब मौसम की

(ग) खेती की समस्या की

(घ) किसानों के भविष्य की

(4) किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर क्यों होता है? (2 अंक)

(5) किसान को क्या कहा जाता है और क्यों? (2 अंक)

## खण्ड – 'ख' : व्याकरण (16 अङ्क)

प्रश्न 3. निर्देशानुसार पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (6 अंक)

(1) शब्द पद कब बन जाता है?

(2) पद के कितने भेद होते हैं?

(3) जातिवाचक संज्ञा का एक उदाहरण लिखिए।

(4) भाववाचक संज्ञा का एक उदाहरण लिखिए।

(5) सर्वनाम किसे कहते हैं?

(6) अनिश्चयवाचक सर्वनाम का एक उदाहरण लिखिए।

प्रश्न 4. उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (4 अंक)

(1) 'प्र' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए।

(2) हिंदी के प्रख्यात कवि ने कविता की रचना की। उपसर्ग को छाँटकर मूल शब्द और उपसर्ग अलग कीजिए।

(3) लुहारिन ने लोहे का बर्तन बनाया। मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग कीजिए।

(4) 'ईय' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए।

प्रश्न 5. निपात एवं समानार्थी शब्द पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (4 अंक)

(1) 'भी' निपात का प्रयोग करके दो वाक्य बनाइए।

(2) राम मुंबई जाएगा। निपात का प्रयोग करके वाक्य को पुनः लिखिए।

(3) 'कपड़ा' के दो समानार्थी शब्द लिखिए।

(4) 'तालाब' के दो समानार्थी शब्द लिखिए।

प्रश्न 6. वाक्य पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (2 अंक)

(1) मेरी बहन आई है। प्रश्नवाचक वाक्य बनाइए।

(2) संभवतः कल वर्षा हो। वाक्य का भेद पहचानकर लिखिए।

## खंड – 'ग' : पाठ्यपुस्तक (30 अङ्क)

प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए - (5 अंक)

उस दिन जब तुम आए थे, मेरा हृदय किसी अज्ञात आशंका से धड़क उठा था। अंदर ही अंदर कहीं मेरा बटुआ काँप गया। उसके बावजूद एक स्नेह-भीगी मुस्कुराहट के साथ मैं तुमसे गले मिला था और मेरी पत्नी ने तुम्हें सादर नमस्ते की थी। तुम्हारे सम्मान में, ओ अतिथि! हमने रात के भोजन को एकाएक उच्च-मध्यम वर्ग के डिनर में बदल दिया था। तुम्हें स्मरण होगा कि दो सब्जियों और रायते के अलावा हमने मीठा भी बनाया था। इस सारे उत्साह और लगन के मूल में एक आशा थी—आशा थी कि दूसरे दिन किसी रेल से एक शानदार मेहमाननवाजी की छाप अपने हृदय में ले तुम चले जाओगे।

(1) "अंदर ही अंदर कहीं मेरा बटुआ काँप गया" कथन से लेखक की कौन-सी मनःस्थिति प्रकट होती है?

(क) अत्यधिक प्रसन्नता

(ख) आर्थिक चिंता

(ग) अतिथि के प्रति क्रोध

(घ) अतिथि के प्रति उत्सुकता

(2) लेखक ने भोजन में मिठाई आदि की व्यवस्था क्यों की?

(क) अपनी आर्थिक समृद्धि दिखाने के लिए

(ख) पत्नी के आग्रह पर

(ग) अतिथि का सम्मान करने और अच्छी मेहमाननवाजी की छाप छोड़ने के लिए

(घ) स्वयं मिठाई खाने के लिए

(3) "इस सारे उत्साह और लगन के मूल में एक आशा थी"—लेखक की यह आशा क्या थी?

(क) अतिथि अगले दिन उनके साथ घूमने जाएँगे।

(ख) अतिथि अगले दिन रेल से चले जाएँगे।

(ग) अतिथि कुछ दिनों के लिए और रुकेंगे।

(घ) अतिथि उन्हें अपने घर बुलाएँगे।

(4) गद्यांश में लेखक ने अतिथि-सत्कार के माध्यम से किस समस्या की ओर संकेत किया है?

(क) भोजन की कमी की

(ख) अतिथि के लंबे समय तक ठहरने से होने वाली परेशानी की

(ग) परिवार में मतभेद की

(घ) आर्थिक समृद्धि की

(5) कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए -

कथन (A): लेखक अतिथि का सम्मान तो कर रहा था, लेकिन मन ही मन उसके शीघ्र चले जाने की प्रतीक्षा भी कर रहा था।

कारण (R): अतिथि के आने से लेखक पर अतिरिक्त खर्च और मेहमाननवाजी का भार पड़ रहा था।

(क) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए- (3 × 2 = 6 अंक)

1. लेखक किसके दुःख से अधिक दुखी हुआ ? संभ्रांत महिला या बुढ़िया के ? और क्यों ?
2. हिमपात के कारण पर्वतारोहियों को किन – किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है ?
3. बचेंद्री एक आस्थावान और आस्तिक महिला थी, कैसे ? लिखिए |
4. लालाजी के अनुसार बुढ़िया के खरबूजे खा लेने से क्या हो सकता था ?

प्रश्न 9. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए - (5 अंक)

गीत-अगीत कौन सुंदर है?
गाकर गीत विरह के तटिनी
वेगवती बहती जाती है,
दिल हल्का कर लेने को
उपलों से कुछ कहती जाती है।
तट पर एक गुलाब सोचता,
देते स्वर यदि मुझे विधाता,
अपने पतझड़ के सपनों का
मैं भी जग को गीत सुनाता।
गा-गाकर बह रही निर्झरी,
पाटल मूक खड़ा तट पर है।
गीत-अगीत कौन सुंदर है?

(1) 'तटिनी' के तीव्र गति से बहने का मुख्य कारण क्या है?

(क) उसके भीतर उमड़ता विरह-भाव

(ख) पर्वतों से आने वाला जल

(ग) वर्षा का अधिक होना

(घ) तट पर खड़े गुलाब का आकर्षण

(2) 'दिल हल्का कर लेने' से कवि का क्या आशय है?

(क) थकान दूर करना

(ख) मन की पीड़ा व्यक्त करके राहत पाना

(ग) नदी की गति को कम करना

(घ) तट की सुंदरता का आनंद लेना

(3) गुलाब स्वयं को नदी से किस प्रकार अलग अनुभव करता है?

(क) वह नदी से अधिक सुंदर है।

(ख) वह अपनी भावनाओं को स्वर देकर व्यक्त नहीं कर सकता।

(ग) वह नदी के साथ बहना चाहता है।

(घ) वह पतझड़ को पसंद नहीं करता।

(4) 'अपने पतझड़ के सपनों' से गुलाब की कौन-सी भावना प्रकट होती है?

(क) अपने अनुभवों और भावनाओं को व्यक्त करने की इच्छा

(ख) प्रकृति के प्रति क्रोध

(ग) नदी के प्रति ईर्ष्या

(घ) तट से दूर जाने की इच्छा

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए—

कथन (A): नदी अपने भावों को व्यक्त करके आगे बढ़ती रहती है, जबकि गुलाब अपनी भावनाएँ मन में ही रखता है।

कारण (R): गुलाब को लगता है कि यदि उसे बोलने की शक्ति मिलती, तो वह भी अपने पतझड़ के सपनों का गीत संसार को सुना सकता था।

(क) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए - (3 × 2 = 6 अंक)

1. 'रैदास के पद' में कवि ने अपने प्रभु के प्रति किस प्रकार की भक्ति-भावना व्यक्त की है?
2. रैदास को एसा क्यों लगता है की उनके इष्टदेव उनपर दयालु हो गए हैं ?
3. जलहीन कमल की रक्षा सूर्य भी क्यों नहीं कर सकते ?
4. रहीम ने प्रेम के संबंध को धागे के समान बताते हुए उसे न तोड़ने की सलाह क्यों दी है?

प्रश्न 11. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 40–50 शब्दों में लिखिए- (2 × 4 = 8 अंक)

1. साहस के सहारे कठिन काम भी सफल हो जाते हैं | स्मृति पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए |
2. गिल्लू के व्यवहार में उसकी कौन-कौन-सी विशेषताएँ दिखाई देती थीं ? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
3. चक्षुश्रवा किसे कहा गया है और क्यों ?

## खंड – 'घ' : रचना खंड (20 अङ्क)

प्रश्न 12. निम्न संकेत-बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर 100–120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (5 अंक)

(1) समय का सदुपयोग

संकेत-बिंदु :

- भूमिका
- समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता
- समय निरंतर गतिमान है
- उपसंहार

(2) नर हो, न निराश करो मन को

संकेत-बिंदु :

- निराश न होने की प्रेरणा
- हिम्मत और शक्ति आवश्यक
- निराशा से जूझना
- उपसंहार

(3) विद्यार्थी और अनुशासन

संकेत-बिंदु :

- भूमिका
- अनुशासन का अर्थ
- अनुशासन का महत्त्व व आवश्यकता
- छात्रों में अनुशासनहीनता
- उपसंहार

प्रश्न 13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में पत्र लिखिए - (5 अंक)

(क) अपने कुछ नए मित्रों की विशेषताएँ बताते हुए अपनी माताजी को पत्र लिखिए।

(ख) साक्षरता अभियान में अपने योगदान का वर्णन करते हुए पिताजी को पत्र लिखिए।

प्रश्न 14. दी गई परिस्थितियों के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए - (5 अंक)

(क) अध्यापक और अनुपस्थित रहने वाले छात्र के बीच संवाद लिखिए।

(ख) मंगलयान अभियान पर चर्चा करते हुए दो छात्रों के बीच संवाद लिखिए।

प्रश्न 15. नीचे दिए गए चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य/घटना का वर्णन लगभग 80–100 शब्दों में कीजिए - (5 अंक)



============================ समाप्त ============================